## एक नजर में

### पुरानी पेंशन के लिए 25 नवंबर को जंतर –मंतर पर प्रदर्शन को लेकर नई दिल्ली जाने की तैयारी



**बुरहानपुर।** नेशनल मूवमेंट ऑफ़ओल्ड पेंशन स्कीम भारत द्वारा 25 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बंधु जी,मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद डेहरिया,प्रांतीय संयोजक ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित के नेतृत्व में संपूर्ण मध्य प्रदेश 2005 से बंद पुरानी पेंशन की बहाली हेतु 25 नवंबर को जंतर मंतर पर धरना आंदोलन प्रदर्शन करने जा रहे हैं आज दिनांक को संयुक्त मोर्चा बुरहानपुर की सर्व संगठन को लेकर बैठके हुई। जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष संयोजक ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित,संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉक्टर अशफ़ाक खान, मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र चौकसे,नेशनल मूवमेंट ऑफ़ओल्ड पेंशन स्कीम के जिला अध्यक्ष अनिल बाविस्कर, जिला संयोजक ब्रिजेश राठौर,राज्य कर्मचारी संघ के जिला संयोजक ठाकुर अरविंद सिंह, मंडी कर्मचारी महासंघ के सदानंद भाई, मोहन कीर्तन,शंकर सन्यास,राजेश निदाने सभी ने दिल्ली जाने के लिए कमर कस कर तैयार है हम अपने अधिकारों के लिए 2005 से बंद पुरानी पेंशन प्रथम नियुक्ति दिनांक से हम सबको मिले इसके लिए हम सभी लोग जंतर मंतर पर जंगी प्रदर्शन करेंगे देश के राष्ट्रपति ,प्रधानमंत्री जी से निवेदन करेंगे , एक देश एक पेंशन है तो हमें क्यों नहीं पेंशन स्कीम यूनिफ़ाइड पेंशन स्कीम में धकेला जा रहा है हमें केवल और केवल 2005 से बंद पुरानी पेंशन चाहिए जो माननीय लेते हैं हमें भी वही चाहिए सभी ने पुरानी पेंशन बहाल हो के नारे लगाए नेशनल मूवमेंट ऑफओल्ड पेंशन स्कीम भारत जिंदाबाद, नारे लगे कर्मचारी एकता जिंदाबाद के नारे लगाए।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस को लेकर बैठक



**बुरहानपुर।** उपभोक्ता अधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी के मार्गदर्शन एवं संगठन जिला अध्यक्ष दिनेश पाटील के नेतृत्व में शहर में उपभोक्ता अधिकार संगठन के बैनर तले संगठन कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रीतम महाजन ने प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में सभी पदाधिकारीयो को एकत्रित कर एक साथ बैठक रखी जिसमे संगठन के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। 24 दिसंबर राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस बनाने को लेकर कार्य योजना में संगठन जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रीतम महाजन ने कहा कि तहसील स्तर पर एवं शहर में जागो ग्राहक जागो के बैनर लगाकर उपभोक्ताओं को जागरूक संदेश बैनर लगाकर उपभोक्ता दिवस बहुत ही हर्षोल्लाह से मनाने का विचार रखा। संगठन जिला उपाध्यक्ष संतोष पाटिल ने कहा कि राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस उपनगर लालबाग में उपभोक्ता जागरूकता रैली निकालने को कहा दूसरी ओर संगठन कोषाध्यक्ष गोपाल कालेकर ने कहां कि उपभोक्ता जागो ग्राहक जागो के संदेश पॉपलेट भी बटवाऐंगे। जिससे उपभोक्ताओं को जागरूक संदेश पहुंचेगा यह एक अच्छा साबित होगा बैठक में सभी पदाधिकारीयो ने अपने अपने विचार बताएं सभी के विचार सुनकर आगामी तारीख 10 दिसंबर को आखिरी बैठक में 24 दिसंबर राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस कहां बनाया जाए का स्थान तय किया जाएगा साथ ही पूर्ण कार्य योजना बनाई जाएगी। बैठक में उपस्थित कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रीतम महाजन, उपाध्यक्ष संतोष पाटिल, कोषाध्यक्ष गोपाल कालेकर ,संदीप भालसिंग, सुनील सोनी, अमुल पाटील,छगू शेख आदि उपस्थित रहे।

### प्रवचन सुनने काफी संख्या में पहुंच रहे ग्रामीण

**नेपानगर।** क्षेत्र के ग्राम साईखेड़ा में दिनों श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तीसरे दिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। कथा प्रवक्ता श्री राधे चैतन्य महाराज ने रविवार को राजा परीक्षित के प्रसंग का वर्णन किया। सात दिवसीय इस आयोजन को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखा जा रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण कथा का श्रवण करने पहुंच रहे हैं। आयोजन समिति ने बताया कि सात दिनों तक गांव में भक्तिमय और आध्यात्मिक माहौल बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

### डाभियाखेड़ा में लगा एसआईआर शिविर




**नेपानगर।** एसआईआर के तहत रविवार को ग्राम डाभियाखेड़ा में कैंप लगा। कैंप में ग्राम के पटवारी, शिक्षक, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत मोबिलाइजर की ड्यूटी लगाई गई। इस दौरान जतिन पाटिल, सुरेश कोल्हे,जनशिक्षक राजेश पाटील, गोलू पाटिल द्वारा फ़ार्म की जंच की गई। नोडल अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मण विश्वकर्मा द्वारा हैदरपुर डाभियाखेड़ा,बड़ी खेड़ा कैंप में पहुंचकर जांच की गई।

### जिला शिक्षा अधिकारी को हटाने से नाराज शिक्षक



**बुरहानपुर।** गत दिनों जिला शिक्षा अधिकारी संतोष सोलंकी जी को हटाने से शिक्षक सवर्ग मैं काफ़ी नाराजगी देखी जा रही है। निलंबन के करनो से ही स्पष्ट होता हैं कि इन्हें षड्यंत्र पूर्ण तरीके से हटाया गया है। गत 6 माह से इन्हें हटाने की सजिश चल रही थी और उनके स्थान पर श्री रविंद्र महाजन को इनका कार्य सौपा गया है और इनका कार्यकाल कुछ माह ही शेष है। बताया जा रहा है कि उनकी इच्छा जिला शिक्षा अधिकारी पद से सेवानिवृत होने की है इसीलिए कुछ माह से यह प्रयासरत भी थे। और उनके रहते या संभव नहीं था इसीलिए कुछ छोटे .छोटे से कारण बताकर श्री संतोष सोलंकी जी को निलंबित कर दिया गया। जबकि उन्हें मुख्य तीन कारण बताकर निलंबित किया गया ए जिसमें मुख्य रूप से सीएम हेल्पलाइन के 17 प्रकरणों का निराकरण न होना जबकि जिले में अन्य विभागों में इससे कई गुना अधिक प्रकरह लबित है।

### एचडीएफसी इर्गो ने मप्र फसल बीमा योजना लागू की

**बुरहानपुर .** भारत में निजी क्षेत्र की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनी,एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा रबी, 2025सीजन के लिए अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, धार, झाबुआ, खंडवा और खरगोन जिलों में ऋणी और गैर–ऋणी किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना लागू करने के लिए अधिकृत किया गया है . इन जिलों में इस योजना का क्रियान्वयन मध्य प्रदेश सरकार द्वारा योजना के अंतर्गत अधिसूचित फसलों के लिए किया जाएगा . पीएमएफबीवाई योजना में किसानों को सूखा, बाढ़, अकाल, लैंडस्लाइड, चक्रवात, तूफ़ान, तूफ़ानी बारिश, सैलाब, कीटों, बीमारियों और अन्य बाहरी खतरों के कारण फसल को होने वाले नुकसान से बीमा की सुरक्षा मिलती है . इस योजना के अंतर्गत फसल चक्र के हर चरण के लिए बीमा कवर मिलेगा, जिसमें बुआई से पहले, कटाई और कटाई के बाद के जोखिम भी शामिल हैं . किसान सूचीबद्ध फसलों के लिए पीएमएफबीवाई योजना के तहत बीमा कवर का लाभ अपने जिले में अपने बैंक, कॉमन सर्विस सेंटर ( सीएससी ) या फिर अधिकृत एचडीएफसी इर्गो एजेंट्स से संपर्क करके प्राप्त कर सकते हैं .

# पुरानी रंजिश को लेकर पिस्टल से हमला के आरोपियो को 24 घंटे में किया गिरफ्तार

## आरोपियो के विरुद्ध पूर्व में विभिन्न धाराओं के अपराध पंजीबध्द है



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** 21एवं 22 नवंबर की मध्यरात्री एक युवक को गोली मारने की धटना ने सनसनी फैला दी। मामले में थाना लालबाग द्वारा त्वरीत कार्यवाही करते हुए आरोपीयों को गिरफतार कर लिया। बताया जाता है कि यह घटना पुरानी रंजीश को लेकर अंजाम दिया गया।

घटना दिनांक 22/11/2025 को फरियादी सचिन पिता कैलाश माने उम्र 19 साल निवासी दत्त मंदिर चिंचाला बुरहानपुर नें बताया कि मै व मेरा दोस्त अपनी मोटर सायकल से टेम्पो स्टेण्ड सागर टावर के पास पहुचे तभी वहाँ पर चैतन चंदन पिता बिरेन्द्र चंदन, मुज्जू ऊर्फ माया पिता इब्राहिम खान,तनमय पिता संजय निम्बोरकर तीनो निवासी लालबाग बुरहानपुर आये और मेरे साथ मारपीट करने लगे तभी चेतन चंदन नें देशी कट्टे से मुझे मारने की नियत से फायर किया, जिस कारण गोली मुझे पेट में बाए साईड लगी और मै वहाँ से भागा मेरे पीछ चेतन, मुज्जु तथा तनमय मेरे पीछे भागे और मै थाना लालबाग आ गया। जिस पर थाना लालबाग पर अपराध क्रमांक 322/25 धारा 109,1,115,2, 3,5 बीएनएस एवं 25,27आर्म्स एक्ट का पंजीबध्द किया गया ।

पुलिस द्वारा कार्यवाही:–अपराध की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार ने मामले के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश , नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी लालबाग द्वारा टीम गठित कर अपराध में फरार तीन आरोपीगणों को 24 घंटे में मुखबीर की सूचना प्राप्त होने पर आरोपियो के घर से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ करते हुए उन्होंने जुर्म करना स्वीकार किया गया एवं पुरानी रंजिश को लेकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया । जिन्हे माननीय न्यायालय में पेश कर पी.आर.प्राप्त कर अग्रिम विवेचना की जावेगी ।

चेतन पिता विरन्द्र चंदन उम्र 18 साल निवासी मिलचाल लालबाग बुरहानपुर,मुजाहिद उर्फ मुज्जु पिता इब्राहिम खान उम्र 28 साल निवासी गुलाबंगज मदिना मस्जिद के पास लालबाग बुरहानपुर, तन्मय निभोरकर पिता संजय निंभोरकर उम्र 18 साल निवासी मिलचाल बुरहानपुर

**सराहनीय भूमिका:**–निरीक्षक अमित सिंह जादौन,उनि महेन्द्र सिंह उईके, सउनि मेहफुज़ अली,सउनि अमित हनोतिया, सउनि गोपाल ठाकुर,प्रधान आरक्षक अजय बारुले, मनोज पाल ,शादाब अली,रोहित गोडाले, सुशील इंगले,आरक्षक नितेश सपकाड,यशवंत तिजारे , महेश प्रजापति,यशवंत कुर्मी,शैलेन्द्र शर्मा की भूमिका रही ।

## सेंट टेरेसा स्कूल में एनसीसी स्थापना दिवस मनाया



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** दिनांक 23 नवंबर को एनसीसी स्थापना दिवस कार्यक्रम के अवसर पर सेंट टेरेसा स्कूल में एनसीसी स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें यातायात सूबेदार नागेंद्र सिंह ठाकुर कार्यक्रम में उपस्थित हुए जिन्होंने ने एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। हेलमेट,सीटबेल्ट एवं वाहन बीमा ,इंश्योरेंस की अनिवार्यता और उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। मध्य प्रदेश शासन की राजवीर योजना एवं कैशलेस योजनाओं की प्रक्रिया व लाभों की जानकारी दी। आपातकालीन सहायता सेवा डॉयल 112 के महत्व और उपयोग के बारे में कैडेट्स को अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से प्राचार्य शिक्षक शिक्षाएं स्कूल स्टाफ एवं एनसीसी कैडेट द्वारा वृक्षारोपण किया गया। कैडेट्स ने सक्रिय रूप से कार्यक्रम में भाग लेकर यातायात नियमों के पालन का संकल्प लिया।

## शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा करने वाली जिले की पहली बीएलओ ज्योति पवार



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण.2026 का कार्य तेज़ी से जारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार जिले में एसआईआर कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है,ताकि प्रत्येक बूथ पर गुणवत्तापूर्ण और समय पर कार्य पूरा हो सके। साथ हीए एसआईआर कार्य में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों का उत्साहवर्धन भी किया जा रहा है।

इसी कड़ी में विधानसभा क्षेत्र.179 नेपानगर अंतर्गत ग्राम निंबोला के बूथ क्रमांक. 56 की बीएलओ श्रीमती ज्योति पवार ने 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा किया है। वह शत् प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा करने वाली जिले की पहली बीएलओ बन चुकी है।

बीएलओ श्रीमति ज्योति के इस सराहनीय कार्य के लिए रविवार को अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहान एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेश पाटीदार ने उन्हें शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर बीएलओ श्रीमती ज्योति पवार ने अपनी कार्य.रणनीति साझा करते हुए बताया कि शत् प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए उन्होंने दिन.रात काम किया। उन्होंने पहले ही सभी मतदाताओं को गणना पत्रक में लगने वाली जानकारी से अवगत करायाए जिससे प्रक्रिया और तेज़ हो सके। घर.घर सर्वे करते हुए गणना पत्रक भरने में सहयोग भी किया। उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्य में मुझे मेरे वरिष्ठ अधिकारियों का समय.समय पर मार्गदर्शन मिला एवं मेरे सहयोगी कर्मचारियों ने मुझे पूरा सहयोग दिया।

### एसआईआर कार्य में 2 बीएलओ सुपरवाइजर्स को नोटिस

बुरहानपुर। भारत निर्वाचन आयोगए नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में जारी निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण ;एसआईआर का कार्य संचालित है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हर्ष सिंह ने एसआईआर कार्य के तहत लक्ष्य अनुरूप डिजिटाइजेशन कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने एवं आयोजित बैठक में अनुपस्थित रहने के फलस्वरूप 2 बीएलओ सुपरवाइजर्स को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये है। डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश पाटीदार ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र.180 बुरहानपुर के बीएलओ सुपरवाइजर सहकारिता निरीक्षक श्रीमती पुष्पांजलि पाण्डे एवं निरीक्षक नापतौल श्रीमती संगीता भंवर को नोटिस जारी कर तत्काल जवाब मांगा है।

## एचआईवी,सिफलिस जांच शिविर में 72 महिलाओं और पुरुषों की जांच



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेन्द्र कुमार वर्मा के आदेश अनुसार एवं बुरहानपुर एचआईवीएटीबी विभाग का नोडल अधिकारी डॉ.आशुतोष जोशी के मार्गदर्शन में खकनार अस्पताल के आईसीटीसी एड्स परामर्शदाता हरलाल सिसोदिया ने शिविर में उपस्थित लोगों को एचआईवी एड्स के प्रमुख लक्षण के बारे में विस्तारपूर्व जानकारी दी है।

**एचआईवी के प्रमुख लक्षण:**– दो से तीन महा तक लगातार बुखार आना,रात में पशीना आना, बार बार मरीज को टीबी होना,शरीर का वजन कम हो जाना आदि किसी भी वक्ति को लक्षण दिखाई देते है तो उस इंसान को आईसीटीसी खकनार अस्पताल में नि:शुल्क एचआईवी सिफलिस टेस्ट की सलाह दी है। परामर्शदाता ने उपस्थित लोगों को एचआईवी एड्स एवं सिफलिस की विस्तारपूर्व जानकारी प्रदान की है स शिविर में 72 महिलाओं और पुरुषों की जांच की गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डोईफोडिया लैब टेक्नीशियन लक्ष्मी सोलंकी ने हीमोग्लोबिन टेस्ट,शुगर टेस्ट एवं रुटीन की जांच की है स स्टॉफ नर्स प्रमिला खेडेकर ने ब्लड प्रेशर एवं गर्भवती महिलाओं की अन्य प्रकार की जांच की गई समझाइश दी गई। डोईफोडिया आशा सुपरवाइजर रिता सतोष,मातापुर आशा सुपरवाइजर मीरा बाई देवप्रसाद,कारखेड़ा आशा कार्यकर्ता सुमन सुभाष, नादुरा कला आशा कार्यकर्ता मंगला कमलचंद, डोईफोडिया आशा कार्यकर्ता अल्का प्रभु,डोईफोडिया ड्रेसर शेख जमील का शिविर में सहयोग रहा है।

## एसआईआर कार्य में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एंव शिक्षक व्यस्त



**नवभारत न्यूज, ईछापूर।** ग्राम इच्छापूर में एसआई आर का कार्य अंगनवाडी कार्यकर्ता सुबह 8 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक मतदाता सूची गहन पुर्नरिक्षण कार्य घर –घर जाकर अपने टिम के साथ कर रही है। मतदाता प्रजातंत्र का आधार है। कोई भी मतदाता से वंचीत न रहे। जिसमे शिक्षक से लेकर अंगनवाडी कार्यकर्त्ता इस कार्य में लगन से लगे हुए है। अभियान अंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता श्रीमनी चंद्रकला तायडे ,सहायल सिन्धु बाई पाटील ,सुनिता बाई पवार सहायीका कार्य कर रही।

## कांग्रेस नेता डीएल पाटील का निधन



**नवभारत न्यूज,बुरहानुपर।** कॉंग्रेस नेता, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं दुरसंचार समिति के सदस्य रहेंडी. एल.पाटील भातखेडा का 22/23 नवंबर 2025 को रात्री 2 बजे के दरम्यान हदयगती रूक जाने से निधन हो गया। उनकी अंतिम संस्कार ग्राम के श्यमशान घाट पर 23 नंवबर रविवार को सुबह 10 बजे किया गया। वे अपने पिछे पुत्र ललीत पाटील एवं रोहीत पाटील एंव पत्नि को छोड संसार से विदा ले चुके है। श्री पाटील ऊंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट से भी जुडे रहे है। आप पुर्व में 6 लोकसभा एवं 7 विधानसभा चुनाव में सक्रिय जिम्मेदारी कॉंग्रेस के द्वारा उन्हे दिए जाने पर वे अपनी कर्मठ भूमिका निभा चुके है। आपके निधन पर पुर्व विधायक एंव ग्रामीण जिलाध्यक्ष रविन्द्र महाजन, पुर्व विधायक ठाकुर सुरेन्द्रसिह सहित भारी संख्या में कॉंग्रेस ,भाजपा नेता ,ग्रामीणजनो ने शामील होकर शोक प्रकटकर श्रद्वॉजली अर्पित की।

## एसआईआर अभियान का हिस्सा बनकर भारत के जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाए



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुरहानपुर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार डिस्ट्रिक्ट आइकोन महेंद्र जैन ने एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत जन जन में जागरूकता हेतु संबोधित करते हुए शासकीय उ.मा.विद्यालय लालबाग ,लालबाग उ.मा.विद्यालय लालबाग,लालबाग उर्दू उ.मा.विद्यालय बुरहानपुर में इस देश के उन युवाओ को एसआईआर के बारे में जानकारी दी की आप अपने परिजनों को जाकर यह कहे की एसआईआर अभियान में नाम दर्ज कर हिस्सा बनकर एक सच्चे भारत के नागरिक का फर्ज निभाए जो की प्रत्येक मतदाता का जो इस भारत देश का वासी है उसका परम दायित्व व् कर्तव्य है। इसलिए आप अपने घरो के परिजनों के साथ साथ अपने आस पास के मतदताओ से यह कहे की सबसे पहले हमै स् प्रक्रिया में अपना नाम दर्ज कराए उसके बाद सब काम करे। इस अवसर पर शासकीय उ.मा.विद्यालय लालबाग प्राचार्य श्रीमती एस तवर, लालबाग उ.मा. विद्यालय लालबाग प्राचार्य पाटिल ,लालबाग उर्दू उ.मा.विद्यालय बुरहानपुर के प्राचार्य ताहिर अंसारी के साथ साथ बहुत बड़ी संख्या में मतदाताओ के परिवारों की युवा पीढ़ी इस अवसर पर मौजूद थी।

## एक नजर — हकीमी अस्पताल पर बुरहानपुर पर लापरवाही के गंभीर आरोप....

### महिला की मौत के बाद चार पीड़ित आए सामने , पीड़ित परिवार ने कहा अस्पताल करें सील



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** लालबाग रोड स्थित हकीमी अस्पताल में हाल ही में जैनाबाद निवासी एक महिला की गर्भाशय ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में अस्पताल पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगे हैंए जिसकी जांच जारी है। इस घटना के बाद खंडवा संसदीय सीट से सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कलेक्टर से मुलाकात कर मामले की गहन जांच की मांग की थी। इससे पहले नेपानगर विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी कलेक्टर से मिलकर कार्रवाई की अपील की थी। कलेक्टर द्वारा आरोपों की जांच के लिए एक समिति का गठन किया है।

पीड़ितों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि हकीमी अस्पताल के खिलाफ कई अन्य पीड़ित भी खुलकर सामने आए हैं। इन पीड़ितों ने अस्पताल पर गंभीर लापरवाही और गलत उपचार का आरोप लगाया है। कुछ पीड़ितों का कहना है कि अस्पताल की लापरवाही के कारण उनकी पत्नी या भाई की हालत बिगड़ी, जबकि कुछ ने गलत इलाज से स्वास्थ्य खराब होने का आरोप लगाया है और अस्पताल के खिलाफसख्त कार्रवाई और उसे बंद करने की मांग की। हकीमी अस्पताल की डॉ. रेहाना बोहरा ने पहले ही इन सभी आरोपों से इंकार किया है। उन्होंने कहा था कि उपचार के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती गई।

**ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत के बाद सामने आए पीड़ित:**–11 नवंबर को जैनाबाद की वैष्णवी नागेश चौहान की गर्भाशय ऑपरेशन के दौरान मौत हुई। इस मामले के सामने आने के बाद ही अन्य पीड़ित भी अब आगे आए हैं। मृतका के पति नागेश चौहान ने कहा.वैष्णवी चौहान को गर्भाशय ऑपरेशन के लिए हकीमी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां ऑपरेशन में लापरवाही बरती गई। मौत के बाद डॉक्टर अलग.अलग जवाब दे रहे थे। कभी कहा गया कि अटैक आयाए कभी कहा गया कि फेफड़ों में पानी जमा हो गया। इसकी जांच कर कार्रवाई होना चाहिए। अस्पताल सील किया जाना चाहिए। सिरपुर के रहने वाले कैलाश महादेव ने बताया 2016 में मेरे पैर के उपचार के दौरान गलत ऑपरेशन किया गया,लेकिन नस कटने के कारण पैर काटना पड़ा। हकीमी अस्पताल के डॉ मुफद्दल बोहरा ने उपचार सही नहीं किया इसलिए मेरा पैर काटना पड़ा। भोपाल उपभोक्ता फोरम में केस चल रहा है। अन्य किसी के साथ ऐसा न हो इसलिए इसकी जांच होकर अस्पताल पर कार्रवाई होना चाहिए। इसके कारण मेरा खासा नुकसान हुआ। 5 एकड़ जमीन बिक गई। वही महेश तालमपुरे ने बताया मेरे भाई अशोक तालमपुरे को 2021 में हमीकी अस्पताल में भर्ती किया गया था। भाई के पैर पर चोट लगी फर्सी गिरी थी। पैर की हड्डी का ऑपरेशन न कर रेफर कर दिया कि उपचार नहीं होगा। उनकी एम्बुलेंस में ऑक्सीजन भी नहीं थी। जलगांव में भाई मौत हो गई थी।

**लापरवाही से गई पति की जान:**–ग्राम बंभाड़ा निवासी जना बाई किशोर राउत ने बताया मेरे पति ज्ञानदीप स्कूल में टीचर थे। एक दिन साइबर के काम से बाजार आए, तब उनका एक्सीडेंट हुआ। उन्होंने स्कूल वालों को कॉल कर बताया तो उन्होंने उन्हें हकीमी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने पहले सब कुछ नार्मल बताया। सिर्फऑपरेशन करना है, यह कहा। बाद में कहा दूसरे दिन करेंगे। दूसरे दिन उन्होंने सभी से बात की। रात में खाना भी खाया था। पैर में ज्यादा चोट नहीं लगी थी, लेकिन ऑपरेशन करने के दौरान तबीयत बिगड़ने पर कुछ नहीं बताया कि क्या हुआ। दो तीन घंटे बाद कहा कि मौत हो गई। आयुष्मान पर 25 हजार रूपए भी निकाल लिए। हमें न्याय चाहिए।

## मुख्यमंत्री पुरस्कार से सम्मानित चंचल का ताप्ती सेवा समिति ने किया सम्मान



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** आईटीआई भोपाल के कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट ट्रेड में ऑल इंडिया में प्रथम स्थान प्राप्त कर मुख्यमंत्री पुरस्कार से सम्मानित हुई कुमारी चंचल सेवारिका का ताप्ती सेवा समिति बुरहानपुर द्वारा बालाजी मंदिर परिसर में सम्मान.पत्र प्रदान कर अभिनंदन किया गया। समिति की अध्यक्ष सरिता भगत ने शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि श्माता.पिता की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर होने और बालिका के दिव्यांग होने के बावजूद चंचल ने जिस तरह यह बड़ी सफलता प्राप्त की हैए वह हमारे शहर के लिए गर्व की बात है।श

चंचल की माता श्रीमती सीमा सेवारिका ने बताया कि उनके पति होटल में मजदूरी करते हैं और वह स्वयं ऑल इज़ वेल अस्पताल में कार्यरत हैं। आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद उनका जीवन अपने बच्चों के भविष्य को समर्पित है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को किसी मुकाम तक पहुँचाना है और इसके लिए हम मेहनत और मजदूरी से पीछे नहीं हटेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समिति सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर संरक्षक राजीव खेड़कर,बालाजी मंदिर महाराज चंदू बालाजीवाले,आशीष भगत, उपाध्यक्ष अत्ताउल्लाह खान,धर्मेंद्र सोनी, वरिष्ठ पूर्व पार्षद केडी पटेल, अभय बाला पुरकर, बसंत पाल, इकबाल अंसारी सहित अन्य सदस्य शामिल हुए।